बिहार सरकार
पर्यावरण एवं वन विभाग
कार्यालय : प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना।
(कैम्पा एवं वन संरक्षण संभाग)
तृतीय तल, अरण्य भवन, शहीद पीर अली खाँ मार्ग, पटना–800 014
संख्या–

प्रेषक,

**ए० के० पाण्डेय, भा०व०से०,**
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),
बिहार, पटना।

सेवा में,

श्री राकेश कुमार पासवान,
पिता– श्री रामप्रीत पासवान,
ग्राम– पिपरापन्ती, पोस्ट– केवटा,
थाना– दलसिंहसराय,
जिला– समस्तीपुर, पिन कोड– 848 114

पटना 14, दिनांक–

विषय– श्री राकेश कुमार पासवान द्वारा समस्तीपुर जिलान्तर्गत दलसिंहसराय– विद्यापतिनगर पथ के किनारे BPCL का रिटेल आउटलेट स्थापित करने हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत् वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव पर अंतिम स्वीकृति (Stage – II) के संबंध में।

प्रसंग– भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, राँची का पत्रांक FP/BR/Others/25453/2017/1522 दिनांक 22.09.2017 (छायाप्रति संलग्न)।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के द्वारा सूचित किया गया है कि क्षतिपूरक वनरोपण हेतु आपके द्वारा रू० 2,34,113/– (दो लाख चौंतीस हजार एक सौ तेरह रूपये मात्र) जमा की गयी है। जबकि वन प्रमंडल पदाधिकारी, समस्तीपुर द्वारा, सैद्धांतिक स्वीकृति क्रम में रू० 3,64,620/– (तीन लाख चौसठ हजार छः सौ बीस रूपये मात्र) का क्षतिपूरक वनरोपण हेतु 50 लौह गैबियन वृक्षारोपण का प्राक्कलन भेजा गया था, जो कि राज्य/केन्द्र सरकार द्वारा अनुमोदित है।

2. अतएव क्षतिपूरक वनीकरण की अवशेष राशि रू० 3,64,620.00 (–) रू० 2,34,113.00 = रू० 1,30,507.00 (एक लाख तीस हजार पाँच सौ सात रूपये मात्र) को Ad-hoc Body of Compensatory Afforestation Fund Management and Planning Authority (CAMPA) in A/C Name CAF Bihar of A/C No. SB01025201 in Corporation Bank CGO, Complex, Phase-1, लोदी रोड, नई दिल्ली 110003 (IFSC No. CORP0000371) के खाता में जमा करने हेतु विभागीय वेवसाईट–forestsclearance.nic.in से सर्वप्रथम <u>e-challan</u> Generate कर Download किया जायेगा।

Downloaded <u>e-challan</u> के माध्यम से बैंक द्वारा राशि हस्तान्तरित करने के उपरांत इसकी सूचना प्रयोक्ता एजेंसी द्वारा इस कार्यालय को UTR No. एवं दिनांक के साथ मूलप्रति उपलब्ध करायी जायेगी ताकि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, राँची को सूचना भेजी जा सके।

**अनु०–यथोक्त।**

विश्वासभाजन,
ह०/–
**(ए० के० पाण्डेय)**
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा),
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),
बिहार, पटना।

Email-apccfcampa.bih@gmail.com; मो० 8986153139

ज्ञापांक– FC-1087 दिनांक– 18/10/2017

प्रतिलिपि– वन प्रमंडल पदाधिकारी, समस्तपुर वन प्रमंडल, समस्तीपुर को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(ए० के० पाण्डेय) 18/10/17

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा),

–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),

बिहार, पटना।

Email-apccfcampa.bih@gmail.com; मो० 8986153139